प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से विचार साझा करेंगे।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन और स्वीडन के निवेशकों को खनिजों की नीलामी और उपकरण निर्माण में निवेश के लिए न्योता दिया।
3. आतंक रोधी दस्ते ने झारखंड में प्रतिबंधित संगठन हिज्ब–उत–तहरीर से जुड़े चार संदिग्ध आतंकी को धनबाद से गिरफ्तार किया।
4. एनटीए ने नीट–यूजी 2025 के बारे में संदिग्ध दावों की रिपोर्ट के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म की शुरूआत की।
5. रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

*****************

गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए को सौंप दी है। सूत्रों ने कहा है कि अब एजेंसी आतंकी हमले की घटना की औपचारिक जांच करेगी।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडेन के दौरे पर गये प्रतिनिधिमंडल ने निवेशकों को खनन क्षेत्र में निवेश का न्यौता दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेषकर खनिज उपकरण निर्माण और खनिज ब्लॉक की नीलामी में निवेश का न्यौता दिया। खान सचिव अरवा राजकमल और निदेशक राहुल कुमार सिन्हा ने निवेशकों के समक्ष पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने जानकारी दी कि खनन क्षेत्र के विकास के साथ खनन उपकरण निर्माण में भी झारखंड में अपार संभावनाएं हैं।

*****************

विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन– वेव्स 2025 एक मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित होगा। शिखर सम्मेलन में भारत मंडप में देश की विरासत और वैश्विक मीडिया तथा मनोरंजन परिदृश्य के बढ़ते प्रभाव का प्रदर्शन होगा।

*****************

धनबाद जिले के विभिन्न अंचलों में म्यूटेशन के अधिकतर मामले राजस्व कर्मचारी के स्तर पर लंबित हैं। इस पर उपायुक्त ने समीक्षा करने के बाद कड़ी कार्रवाई की बात कही।

*****************

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची का 16वां स्थापना दिवस सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं कुलाधिपति न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सामाजिक जिम्मेदारी और कानूनी सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय में 200 मेगावाट के नए सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन हुआ साथ ही, एक नया पावर हाउस भी शुरू किया गयझं एनयूएसआरएल और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

******************

आतंक रोधी दस्ते ने झारखंड में प्रतिबंधित संगठन हिज्ब–उत–तहरीर से जुड़े एक दम्पति सहित चार संदिग्ध आतंकियों को धनबाद के वासेपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से लैपटॉप, पैनड्राइव, स्मार्ट फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गेजेट सहित दो पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा भारी मात्रा में प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित दस्तावेज और पुस्तकें भी बरामद की गई हैं। एटीएस की ओर से बताया गया है कि हिजब उत तहरीर भारत में प्रतिबंधित संगठन है। इसे 10 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंधित किया गया था। इस संगठन से जुड़े लोगों पर यह पहली कार्रवाई है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमरी गांव में दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला एक लड़की के अपहरण से जुड़ा है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपी से जुड़े कई दुकानों में तोडफोड़ करते हुए आग लगा दी। सूचना पर स्थानीय पुलिस बल के साथ जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कहा कि मामला अभी नियंत्रित है। उन्होंने आम लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की।

******************

जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने संवाददाताओं को बताया कि हर्ष फायरिंग में यह घटना हुई है ।

******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी 2025 के बारे में संदिग्ध दावों की रिपोर्ट के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म की शुरूआत की है। एजेंसी ने अभ्यर्थियों को गलत काम करने और झूठे दावों के साथ परीक्षार्थियों को धोखा देने की कोशिश करने वाले बेईमान लोगों के बहकावे में न आने का परामर्श दिया है। एजेंसी ने परीक्षार्थियों से इस तरह की भ्रामक जानकारी और इसे फैलाने वाले लोगों की रिपोर्ट 4 मई को शाम 5 बजे तक एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करने का भी अनुरोध किया है।

******************

रांची और जमशेदपुर के बाद झारखंड का तीसरा मौसम विज्ञान केंद्र देवघर में खुलेगा। इससे संथाल क्षेत्र को काफी लाभ मिलेगा। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख बाबूराज पीपी ने देवघर जिले के उपायुक्त से मौसम विभाग केंद्र खोलने के लिए जमीन मांगी है। उन्होंने कहा है कि संताल परगना में आकाशीय बिजली और वज्रपात की निरंतर निगरानी और चेतावनी के लिए डॉप्लर वेदर रडार लगाने की आवश्यकता है।

******************

रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मौसम विभाग ने आंधी– बारिश के साथ कहीं – कहीं ओला वृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही गरज के साथ वज्रपात को लेकर भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल तक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

******************

सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय टीम का आज दोपहर ऑस्ट्रेलिया 'ए' से मुकाबला होगा इससे पहले कल भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम को दमदार खेल दिखाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया 'ए' से 3 के मुकाबले 5 गोल से शिकस्त् झेलनी पडी। भारत शुरुआती क्वार्टर में ही 0–3 से पिछड़ गया था लेकिन इसके बाद टीम ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को कड़ी टक्कर दी। अंत में भारतीय टीम दो गोल से पीछे रह गयी।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने धनबाद में एटीएस की कार्रवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है–एटीएस ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्त एक महिला समेत चार संदिग्धों को दबोचा।

प्रभात खबर लिखता है–केन्द्र सरकार ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंपी, जांच जारी

सीजीएल परीक्षा मामले में बनारस से एक गिरफ्तार, शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–भारत का खौफः पाकिस्तान के प्रधानमंत्री , गृहमंत्री ने कहा – तटस्थ जांच के लिए तैयार।

*****************